TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

06 अगस्त 2024


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

पुराना कोट पहनो और नई किताब खरीदो ।

**मार्क ट्वेन**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 06 अगस्त

1. **हिरोशिमा दिवस–** द्वितीय विश्व युद्ध के समय 6 अगस्त, 1945 ई. को अमेरिकी वायुसेना ने जापान के शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। किन्तु जापान का यह शहर जनशून्य हो गया था। इसी स्मृति में प्रतिवर्ष 6 अगस्त को 'हिरोशिमा दिवस' मनाया जाता है। 'लिटिल बॉय' नाम का यू–235 बम के गिराये जाने से लगभग 1.40 लाख लोग तत्काल मारे गये थे। जबकि बाद के वर्षों में मरने वालो को मिलाकर इससे मरने वालों की कुल संख्या 2.17 बताई जाती है। इस बम का असर 13 वर्ग किमी. क्षेत्र में हुआ था। इसने मनुष्यों के शरीर को भाप बनाकर उड़ा दिया। इसका प्रभाव इतना व्यापक था कि कई पीढ़ियों तक यहाँ शारीरिक रूप से विकृत बच्चे पैदा होते रहे।
2. **एलेक्जेंडर फ्लेमिंग का जन्मदिन–** 6 अगस्त, 1881 ई. को एलेक्जेंडर फ्लेमिंग का जन्म स्कॉटलैंड में हुआ था। वे एक बैक्टीरियोलॉजिस्ट थे। इन्होंने अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धि पेनिसीलिन की खोज एवं इसके विभिन्न संक्रामक बीमारियों पर प्रभाव का पता लगाने के लिए वर्ष 1945 में चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार भी प्राप्त हुआ था।
3. **भारत के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म–** भारत के प्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म 6 अगस्त, 1986 ई. को मुम्बई के जसलोक हॉस्पिटल में गायनाकोलॉजिस्ट डॉ इंदिरा हिंदुजा और डॉ कुसुम जावेरी के देखरेख में असिस्टिड रिप्रोडक्शन टेक्नोलॉजी इनविट्रो फर्टिलाइजेशन (IVF) की सहायता से हुआ था। इस तकनीक में भ्रूण को गर्भ के बाहर विकसित कर पुनः माँ के गर्भ में स्थापित कर दिया जाता है। चिकित्सकीय कारणों से माँ नहीं बन पाने वाली महिलाओं के लिए यह तकनीक वरदान है। इस प्रथम भारतीय टेस्ट ट्यूब बेबी को मणिबेन ने जन्म दिया जिसका नाम हर्षा शाह है।
4. **जमैका की स्वतंत्रता दिवस–** जमैका ग्रेटर एंटीलिज पर स्थित एक द्वीप राष्ट्र है। इसे 6 अगस्त, 1962 ई. को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता प्राप्त हुई। इसकी राजधानी किंग्सटन है। कैरेबियन सागर में स्थित इस देश का क्षेत्रफल 11,100 वर्ग किमी. है।
5. **बोलिविया की स्वतंत्रता दिवस–** बोलविया दक्षिण अमेरिका का एक देश है। यह दुनिया का 28वां और दक्षिण अमेरिका का पाँचवां सबसे बड़ा देश है। इसकी राजधानी सूक्रे है, जबकि सरकारी कार्यालय ला पाज़ में स्थित है। इसका सबसे बड़ा शहर और मुख्य आर्थिक केन्द्र सांता क्रूज़ डी ला सिएरा है। स्पेन ने बोलिविया की स्वतंत्रता की घोषणा 6 अगस्त, 1825 ई. को किया था।

- बच्चों को विश्व के मानचित्र पर जमैका और बोलिविया की अवस्थिति दिखायें।

T u e s d a y

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

5 अगस्त

### मधु प्रिया

## भारत की पहले टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म 6 अगस्त



भारत में आज ही के दिन यानि 6 अगस्त 1986 को पहले टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ था। इस बेबी का नाम है हर्षा शाह। जिनका जन्म मुंबई के जसलोक हॉस्पिटल में हुआ था। यह बात किसी करिश्मे से कम नहीं थी। सृष्टि का सृजन अपने आप में एक अजूबा है और बच्चे के जन्म लेने की प्रक्रिया कुदरत के किसी करिश्मे से कम नहीं, लेकिन इंसान ने टेस्ट ट्यूब के जरिए बच्चे के जन्म की प्रणाली का विकास कर इस करिश्मे में एक और कड़ी जोड़ दी। भारत में पहले टेस्ट ट्यूब बच्चे का जन्म 1986 में 6 अगस्त के दिन ही हुआ था। सुभाष मुखोपाध्याय ने देश की पहली टेस्ट ट्यूब बेबी को अवतरित कर दिया था। दुर्गा पूजा के दिन हुई, इसलिए दुर्गा कहने लगे, बाद में नाम रखा कनुप्रिया अग्रवाल। कनुप्रिया विवाहित हैं। फिलहाल वे कंप्यूटर कंसल्टेंसी कंपनी में मैनेजर हैं।

/teachersofbihar

# पुण्यतिथि विशेष 06 अगस्त

राकेश कुमार




**सुषमा स्वराज** *Sushma Swaraj*, जन्म- 14 फ़रवरी, 1952 - मृत्यु- 6 अगस्त, 2019) भारत सरकार की केंद्रीय केबिनेट में शामिल विदेश मंत्री थीं। भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों में से एक 'भारतीय जनता पार्टी' (भाजपा) की शीर्ष महिला नेत्रियों में वे गिनी जाती थीं। सुषमा स्वराज ग्यारहवीं, बारहवीं और पंद्रहवीं लोक सभा की सदस्य भी रहीं।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 06.08.2024

## मानक वर्तनी

जिन शब्दों के एकाधिक रूप प्रचलित हैं, उनमें से एक का प्रयोग मानक है जैसे: मोजा, लौकी एवं गंजी का मानक रूप क्रमश: जुराब, घिया व बनियान हैं। हिंदी में कुछ शब्द ऐसे हैं जिनकी वर्तनी के दो रूप प्रचलित हैं; जैसे- गरदन - गर्दन, बिलकुल - बिल्कुल, दुकान-दुकान, सरदी सर्दी इनमें से पहले रूप को प्राथमिकता दी जाती है।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
Rakesh kumar
दुनिया की 14 सबसे ऊंची चोटियों में से 8 केवल नेपाल में हैं।
www.teachersofbihar.org

# TOB

राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## ओलम्पिक तथ्य

| | |
|---|---|
| 1. प्रथम प्राचीन ओलम्पिक खेल किस वर्ष आयोजित में हुए थे? | 776 B.C |
| 2. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति का मुख्यालय कहाँ स्थित है? | लुसाने |
| 3. पांच ओलंपिक रिंगों के रंग लाल, नीला, पीला, हरा और ---- | काला |
| 4. ओलम्पिक खेलों का आयोजन किस वर्ष नहीं हुआ था? | 1916 |
| 5. ओलम्पिक लौ की शुरुवात किस वर्ष में हुई थी ? | 1928 |
| 6.**तीन बार ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने** वाला शहर है | लंदन |
| 7. उद्घाटन समारोह में एथलीटों के जुलूस का नेतृत्व किसके द्वारा किया जाता है? | यूनान |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

# सुषमा स्वराज

जन्म- 14 फरवरी,1952
मृत्यु- 6 अगस्त 2019



www.teachersofbihar.org

Madhu priya


6 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत की पूर्व विदेश मंत्री, पद्म विभूषण
सुषमा स्वराज
की पुण्यतिथि पर उन्हें शत्-शत् नमन
14 फरवरी 1952 - 6 अगस्त 2019
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org